# राजमार्ग पर रोड़ का कार्य बंद होने से आमजन में रोष

- टायरों से गिट्टी उछलने से आए दिन हो रहे हैं हादसे
- अजमेर-कोटा मार्ग पर सरवाड़ शहर के चमन चौराहा के पास काफी महीनों से सड़क निर्माण कार्य बंद होने से आमजन को परेशानियां का सामना करना पड़ा रहा

**सरवाड़, (निसं)।** अजमेर-कोटा मार्ग पर सरवाड़ शहर के चमन चौराहा के पास काफी महीनों से सड़क निर्माण कार्य बंद होने से आमजन को परेशानियां का सामना करना पड़ा रहा है जिसके चलते वाहन चालक व आमजन को परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं ठेकेदार की ओर से खादी भंडार से चमन चौराहे तक एक लेन का निर्माण कर कार्य बंद कर रखा है वहीं दूसरी लेन में वाहनों की आवाजाही हो रही है लेकिन उक्त मार्ग पर जगह- जगह इतने गहरे गड्ढे हो रखे हैं की पता ही नहीं चलता है कि गहरा गड्ढा कब आ जाए वही वहीं मार्ग पर गिट्टी होने से और वाहनों के टायरों से गिट्टी उछल रही है जिससे पैदल चलने वाले राहगीरों के चोट लग रही है वहीं आज सोमवार को कॉलेज की छात्रा के गिट्टी उछलने से चोट आई वहीं आए दिन ऐसे हादसे हो रहे हैं।

मगर इस और सार्वजनिक विभाग के अधिकारी की लापरवाही के चलते आए दिन हादसा होते रहते हैं मगर फिर भी अधिकारी कुंभकरणी निन्दा में सोए हुए हैं वहीं जनप्रतिनिधियों का इस और ध्यान नहीं है जिसके चलते लोगों में रोष देखने को मिल रहा है वहीं गुजरते समय वाहन गड्ढों में फंस रहे हैं जिससे दिन में बार-बार जाम लगा रहता है वहीं राजमार्ग पर प्रतिदिन भारी गुजरते हैं राजमार्ग पर स्कूल संचालित भी है वहीं स्कूलों के वाहन भी निकलते हैं ऐसे में हमेशा अभिभावकों को दुर्घटना का डर बना रहता है।

रोड निर्माण कार्य के बंद होने के चलते मार्ग के दोनों और स्थित दुकानदारों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है वहीं शहरवासियों ने बताया कि पिछली दीपावली के पर्व से पहले ही रोड निर्माण को लेकर ठेकेदार की और से रोड की खुदाई कर दी थी लेकिन निर्माण कार्य धीमी गति से चलने से आम जनता के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है वहीं वापस दीपावली निकल गई अभी तक इस रोड का निर्माण चालू नहीं हुआ है। वहीं मामले में विभागीय अधिकारी भी किसी प्रकार का ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसका खामियाजा आम जनता को उठाना पड़ रहा है रोड निर्माण के चलते समेलिया चौराहे की स्थिति काफी खराब है उक्त चौराहे पर बारिश के चलते मार्ग पर गहरे गड्ढे हो गए हैं पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है मगर इस ओर विभागीय अधिकारी ध्यान नही दे रहे हैं जिसके चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# विवाह सम्मेलन का दिया न्यौता

**भीलवाड़ा।** स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली व आचार्य ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष देवकिशन आचार्य ने राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से जयपुर स्थित सिविल लाईन्स में उनके आवास पर मुलाकात कर उन्हें अखिल भारतीय आचार्य ब्राह्मण सेवा संघ के तत्वावधान में 12 नवम्बर को नगर निगम भीलवाड़ा के चित्रकूट धाम में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन व सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करने का निमंत्रण दिया गया। साथ ही सामाजिक व राजनीतिक मुद्दों पर भी विस्तार से समाज के बारे में चर्चा की। बैरवा ने सम्मेलन की सम्पूर्ण जानकारी लेते हुआ कहा कि सरकार भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहन देने का कार्य कर रही है। ऐसे में आचार्य ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित सौ जोड़ों का विवाह कराना प्रेरणास्त्रोत होगा। सामूहिक विवाह सम्मेलन के संयोजक गौरव आचार्य ने बताया कि सम्मेलन की तैयारियां नगर निगम के चित्रकूट धाम में की जा रही है।

# राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ का 67वां सम्मेलन

- राजस्थान विधान सभा सर्वश्रेष्ठ विधान सभा बनने की ओर अग्रसर - देवनानी
- देवनानी की सिंध विधान सभा अध्यक्ष कादिर शाह से मुलाकात

**अजमेर।** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान विधान सभा में जन-दर्शन, सर्वदलीय बैठक, भारतीय वर्ष के अनुसार दैनन्दिनी और वार्षिक कैलेण्डर का प्रकाशन कर ऐतिहासिक नवाचार किये गये है। उन्होंने कहा कि नई गति, नई दिशा और नवाचारों के साथ राजस्थान विधान सभा सर्वश्रेष्ठ विधान सभा बनने की ओर अग्रसर है। राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने गुरुवार को सिडनी (आस्ट्रेलिया) में आयोजित राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ के 67 वें सम्मेलन के दौरान आयोजित साधारण सभा में राजस्थान विधान सभा में किये जा रहे नवाचारों की जानकारी दी। देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधान सभा के द्वार आमजन के लिये खोल दिये गये हैं। विधान सभा में राजनैतिक आख्यान संग्रहालय का आमजन, विद्यार्थी और शोधार्थी अवलोकन कर रहे हैं। दिन-प्रतिदिन आमजन की संख्या संग्रहालय को देखने के लिये बढती जा रही है। राजस्थान की समृद्ध संस्कृति और राजनैतिक इतिहास की देश और विदेशों में पहचान बन रही है। जन- दर्शन से राजस्थान विधान सभा की अनूठी इमारत को पर्यटकों को निकटता से निहारने का मौका मिल रहा है। राष्ट्रीय ध्वज के साथ सभा में प्रवेश राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की साधारण सभा में भारत के विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं के अध्यक्षों ने भारत के गौरव राष्ट्रीय ध्वज के साथ सामूहिक रूप से प्रवेश किया। विदेशी धरती पर भारत के गौरव तिरंगे को लहराकर भारत के विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं के अध्यक्षगण ने गौरव की अनुभूति की।

देवनानी और कादिर शाह की मुलाकात राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी से सिंध विधान सभा अध्यक्ष ओवैस कादिर शाह की मुलाकात हुई। देवनानी ने बताया कि इस मुलाकात में सिंघ के कला, संस्कृति और इतिहास के बारे में जानकारी साझा की गई। दोनों के बीच सिंधी भाषा में संवाद हुआ। कादिर शाह ने देवनानी को पाकिस्तान आने का निमंत्रण भी दिया। उल्लेखनीय है कि देवनानी सिंधी बाहुल्य अजमेर उत्तर विधान सभा क्षेत्र से लगातार पांचवी बार विधायक चुने गए हैं।




# आचार्य हीरा का दीक्षा दिवस मनाया

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर वैशालीनगर स्थित जैन स्थानक में रत्न संघ के अष्टम पट्टधर आचार्य प्रवर श्री हीराचन्द्र महाराज का 62 वां दीक्षा दिवस तप-त्याग के साथ मनाया गया, जिसमें 262 श्रावक व श्राविकाओ ने एकासन के प्रत्याख्यान किए तथा कई लोगो ने 62 की संख्या या 62 दिवस के लिए अनेक त्याग के प्रत्याख्यान किए। भावी आचार्य श्री महेन्द्र मुनि सा की आज्ञानुवर्तिनी महासती श्री दर्शनलता ,महासती श्री कांताजी व सुप्रियाश्री जी के सानिध्य में प्रवचन, वन्दना व भक्ति हुयी।महासती दर्शनलता ने बताया की आचार्य प्रवर ने 40 वर्ष पहले'व्यसन मुक्त हो सारा देश' का सन्देश दिया था, जो आज भी प्रासंगिक है।महासतिमण्डल ने आचार्य प्रवर का गुणानुवाद किया। सामूहिक एकासन व गौतमप्रसादी के लाभार्थी श्रीमती तारादेवी प्रेमचन्द बोथरा रहे। श्री जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ अजमेर के प्रवक्ता सी पी कटारिया ने बताया कि कार्यक्रम में जोधपुर, मेडता सिटी, ब्यावर, किशनगढ व पुष्कर आदि शहरो के श्रावक व श्राविकायें भी शामिल हुयी। स्थानक में दैनिक प्रवचन प्रात: 9 बजे से ही होगा।

# प्रवेश के लिए ऑफलाइन आवेदन 11 तक

**भीलवाडा।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, के निर्देशानुसार सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में कला, वाणिज्य, जीव विज्ञान, गणित तथा बीएससी गृह विज्ञान में स्थान रिक्त होने से ऑफलाइन आवेदन मांगे गए हैं। नोडल अधिकारी डॉ. सीमा गौड़ ने बताया कि जो भी छात्राएं सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय, भीलवाड़ा में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन के लिए इच्छुक हैं, वह की वेबसाइट से कॉमन एडमिशन फॉर्म डाउनलोड करके महाविद्यालय में कक्ष संख्या 102 में 11 नवंबर तक ऑफलाइन फॉर्म जमा करवा सकती हैं।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

एसएसआई भीलवाड़ा शाखा, पांसल चौराहा, पुर रोड़
भीलवाड़ा, राजस्थान 311001, फोन: 01484-244940
ई-मेल: ssibhi@bankofbaroda.com

## वाहन के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित वाहन जो प्रतिभूत लेनदार के पास दृष्टिबंधक है, का वास्तविक कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है"** के आधार पर **बैंक ऑफ बड़ौदा, एसएसआई भीलवाड़ा शाखा, पांसल चौराहा, पुर रोड़, भीलवाड़ा, राजस्थान** प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु **दिनांक 17.12.2024** को बेचा जाएगा। ऋणियों, प्रतिभूति-दाता, ज्ञात ऋण भार (यदि कोई हो) सहित वाहन, आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि, बकाया राशि व समय का विवरण निम्न तालिका अनुसार होगा:

**ऋणी का नाम व पता-** श्रीमती श्यामू जाट पत्नी श्री माधु लाल जाट **एवं सह-ऋणी-** श्री माधु लाल पुत्र श्री रामचन्द्र जाट, गाँव राजोला, देवली, भीलवाड़ा, राजस्थान 311802

**वर्तमान बकाया राशि-** रूपये 9,53,077/- दिनांक 06.10.2024 को बकाया तथा इससे आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि।

**धरोहर राशि (ई.एम.डी.) तथा के.वाई.सी., दस्तावेज जमा करवाने की अन्तिम तिथि 16.12.2024 सांय 4:00 बजे से पहले।**

| वाहन का ब्यौरा ( बैंक में उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार ) | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि | ई-नीलामी का समय |
|---|---|---|---|
| श्रीमती श्यामू जाट पत्नी श्री माधु लाल जाट के नाम महिन्द्रा बोलेरो बी6 O बीएसVI, रजिस्ट्रेशन नं. RJ06UB7704, चेसिस नं. MA1XK2TVXN5L63020, इंजन नं. TVN6L89087, मोडल 2022, कलर डायमंड व्हाईट **अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं** | रूपये 6,00,000/- ( रूपये छह लाख मात्र ) | रूपये 60,000/- ( रूपये साठ हजार मात्र ) | दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक ( प्रत्येक 5 मिनट की असीमित समयावृद्धि के साथ ) |

**ई-नीलामी बिक्री के नियम एवं शर्तें-**

1. विक्रय को बिना कारण बताये किसी भी समय निरस्त अथवा स्थगित करने का अथवा किसी भी प्रस्ताव को स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार बैंक ऑफ बड़ौदा के पास सुरक्षित है। यह ठीक प्रकार से समझ लेवें कि विक्रय बैंक के द्वारा पुष्टि किये जाने के अधीन है।
2. इच्छित बोलीदाता जिन्होंने ईएमडी जमा कर दिया है और लॉगिन और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली जमा करने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे मैसर्स ई-प्रोक्यूरमेन्ट टेक्नोलोजिज लिमिटेड- ऑक्शन टाईगर, बी-704, वॉल स्ट्रीट-2, ऑरियन्ट क्लब के सामने, गुजरात कॉलेज के पास, एलिस ब्रिज, अहमदाबाद 380006, सम्पर्क सूत्र श्री प्रवीण कुमार थेवर मोबाईल +91-9722778828 को सम्पर्क कर सकते है एवं वाहन से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए बैंक ऑफ बड़ौदा, एसएसआई भीलवाड़ा शाखा, पांसल चौराहा, पुर रोड़, भीलवाड़ा, राजस्थान से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय के दौरान संपर्क कर सकते हैं।
3. प्राधिकृत अधिकारी की सम्पूर्ण जानकारी एवं सूचनाओं के अनुसार वाहन पर कोई भी अन्य ऋण-प्रभार नहीं है फिर भी इच्छुक बोलीकर्ता अपनी निविदा प्रस्तुत करने से पूर्व इस वाहन पर ऋण-भार एवं दावे/अधिकार/ बकायों/प्रभावी संबंधी जांच-पडताल उनके स्वयं द्वारा अलग से कर सकता है।
4. ई-नीलामी के दौरान बोलीदाताओं को परस्पर अन्तिम बोली के ऊपर उच्च बोली लगाने की अनुमति दी जायेगी तथा किसी बोलीदाता द्वारा अंतिम बोली से उच्चतर यदि कोई बोली लगाई जाती है तो विक्रय प्रकिया अवधि 5 मिनट के लिये स्वत: ही बढ़ जायेगी तथा यह प्रकिया असीमित समय तक निरन्तर रहेगी।

**विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात ई-नीलामी हेतु प्लेटफॉर्म** https://bob.auctiontiger.net **देखें।**

**दिनांक: 06.11.2024** **हस्ता.**
**स्थान: भीलवाड़ा** **प्राधिकृत अधिकारी**

## कार्यालय नगर परिषद, केकड़ी (राजस्थान)

Email ID – npkekri2011@gmail.com Ph:- (O) : 01467-220002, 220019 web site : www.urban.rajasthan.gov.in/ulbkekri

क्रमांक : न.प.के./2024-25/2867 दिनांक : 05.11.2024

### आपत्ति आमन्त्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि परिषद क्षेत्र में निम्न आवेदको द्वारा नगर परिषद केकड़ी में आनॅलाईन हस्तानान्तरण चाहने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है। जिसमें किसी भी व्यक्ति/सज्जन/पड़ोसी को कोई आपत्ति हो, तो कार्यालय में 7 दिवस में लिखित में मय दस्तावेजों के प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी। जिसमें किसी का कोई उजर मान्य नहीं होगा :–

| क्र. सं. | आवेदक/पिता का नाम | आवेदित स्थल | नाप वर्गगज में | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुदर्शन कुमार पुत्र रतन लाल कटारिया | सरावगी मोहल्ला पुरानी केकड़ी | 579.27 | रास्ता | मकान सत्यनारायण | चन्द्र प्रकाश नाहट मकान | मकान भंवर लाल |
| 2 | श्री विनय कुमार पुत्र रतन लाल कटारिया | मोची मोहल्ला | 17.31 | वर्धमान संस्थानक | मोची समाज संस्था | मकान राजेन्द्र | आम रास्ता |
| 3 | मो. रफी मंसूरी पुत्र मो सद्दीक | शिव कॉलोनी | 133.33 | प्लॉट नं 17 | आम रास्ता | प्लॉट नं 16 B | आम रास्ता |
| 4. | श्रीमती मथुरा देवी पत्नी रामकल्याण, शिव प्रकाश व रघुवीर प्रसाद पुत्र रामकल्याण | धोबी मोहल्ला | 166.22 | मकान रामदेव | सुर्य प्रकाश | दिगम्बर भवन | रास्ता व चबूतरी |
| 5. | श्री विनोद कुमार पुत्र लक्ष्मीनारायण खटीक, श्रीमती लाड देवी पत्नी विनोद कुमार | शंकर नगर कॉलोनी | 128.33 | प्लॉट नं 6 | रास्ता | आम रास्ता | मकान दुर्गालाल |
| 6. | श्री कमलेश कुमार पुत्र लोकमल सिंधी | छीपा मोहल्ला | 142.33 | आम रास्ता | कैलाश का मकान | कृष्ण कुमार का मकान | सत्यनारायण का मकान |
| 7. | श्री राजकुमार पुत्र दुर्गालाल लौहार | विकास नगर तृतीय | 124.44 | आम रास्ता | भू.सं. 32 | भू.सं. 28 | भू.सं. 30 |
| 8. | श्री हनी गोयल पुत्र विमन कुमार जैन | चन्द्रप्रभु नगर कॉलोनी | 100.00 | प्लॉट नं 113 | रास्ता 30' | प्लॉट नं 119 | प्लॉट नं 121 |
| 9. | श्री लोकेश साहू पुत्र ओमप्रकाश, श्री जीतेन्द्र सिंह पुत्र जिवन सिंह | अजमेरी गेट तेली मोहल्ला केकड़ी | 123.79 | मकान नफीस अहमद | मकान सुखदेव तेली | आम रास्ता | मकान श्री रामगोपाल जी |
| 10. | श्रीमति सरिता चौधरी पत्नी धर्मराज चौधरी | विनायक नगर प्रथम | 143.11 | प्लॉट सं 49 | ख.नं. 4157 | प्लॉट सं. 47 | रास्ता |
| 11. | श्री मनामोहन उपाध्याय पुत्र श्री निवास शर्मा | न्यू शास्त्री नगर | 108.33 | प्लॉट सं 22 | श्री सागर टेक्सटाईल | प्लॉट सं 20 | ख. सं. 3191 |
| 12. | श्रीमति गीता कुमारी मीणा पत्नी श्री हरिशंकर | शिव कॉलोनी | 124.44 | रास्ता | प्लॉट सं 43 | रास्ता | प्लॉट सं 37 |
| 13. | श्री रामेश्वर प्रसाद पुत्र सुवालाल शर्मा | सुरज कॉलोनी | 336.11 | आम रास्ता | प्लॉट नं 25 | आम रास्ता | आम रास्ता |
| 14. | श्री रामलाल शर्मा पुत्र सुवालाल शर्मा | सुरज कॉलोनी | 305.55 | प्लॉट नं 26 | मकान | रास्ता | रास्ता |

राज.संवाद/सी/24/7407 आयुक्त

# ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** जिला कलेक्टर नमित मेहता गुरुवार को सहाड़ा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत चीरखेड़ा में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई में आमजन की समस्याएं सुनी। इसके पश्चात उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आमली का औचक निरीक्षण किया और स्वास्थ्य व्यवस्थाएं जांची। साथ ही उपतहसील कार्यालय, कारोई का भी निरीक्षण किया।

त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित जनसुनवाई में आमजन की समस्याओं को सुनने के लिए जिला कलेक्टर नमित मेहता चीरखेड़ा ग्राम पंचायत पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों के पेयजल, बिजली, सड़कों के मरम्मत, नमी निर्माण, भवन निर्माण, अतिक्रमण हटवाने, शमशान निर्माण, हैंडपंप लगवाने सहित विभिन्न परिवेदनाओं के 20 से अधिक प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की। जनसुनवाई में स्थानीय लोगों पेयजल से संबंधित समस्याएं जिला कलेक्टर के समक्ष रखी। जिला कलेक्टर ने पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता को पेयजल सप्लाई दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। पीएचईडी अधीक्षण अभियंता राजपाल सिंह ने बताया कि क्षेत्र में चंबल प्रोजेक्ट का कार्य शुरू होने तक रेगुलर सप्लाई को बेहतर कर ग्रामवासियों को राहत देने का प्रयास किया जा रहा हैं, चंबल परियोजना का जल पहुंचने के पश्चात पेयजल सप्लाई निर्बाध हो जाएगी। जिला कलेक्टर ने जनसुनवाई में डिस्कॉम के अधिकारी को बिजली की समस्या के समाधान के लिए रेगुलर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ चंद्रभान भाटी, सरपंच पारस देवी, एसडीएम राजेश कुमार, सहित पानी, बिजली, चिकित्सा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

पीएचसी का औचक निरीक्षण :- इसके पश्चात जिला कलेक्टर नमित मेहता ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, आमली का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर ने अस्पताल परिसर में उगी झाड़ियों को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने पीएचसी प्रभारी को झाड़ियां हटवाने, साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया।

**NAME CHANGE**

I, Army No 15160641X Rank : HAV, Name: RAJKUMAR NIRMALKAR Residing at Vill:- BUDGHAN Post:-BUDGHAN, Teh:-JANJGIR, Dist:- JANJGIR-CHAMPA, State:- CHHATTISGARH, Pin:-495559 have change my Daughter Name from RISHIKA NIRMALKAR to RISHIKA Vide affidavit No. BW 240640 Dated 04/11/2024 before Court campus Nasirabad

